### जिला योजना अधिकारी महेंद्र कुमार नवैया ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला

# स्मार्ट मीटर और बिजली बिल की अव्यवस्थाओ को लेकर प्रेस वार्ता के दौरान जन आंदोलन की दी चेतावनी

**राजेश बबेले**
**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**




जिला योजना अधिकारी महेंद्र कुमार नवैया ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला। स्मार्ट मीटर और बिजली बिल की अव्यवस्थाओ को लेकर प्रेस वार्ता के दौरान जन आंदोलन की दी चेतावनी। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में बढ़ती बिजली समस्याओं और स्मार्ट मीटर को लेकर फैल रही

अव्यवस्था के बीच वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं पूर्व जिला योजना अधिकारी महेंद्र कुमार नवैया ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में विभाग द्वारा दिए गए उत्तरों ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। **स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को भ्रमित किया जा रहा है,नवैया:** नवैया का आरोप है कि विभाग ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्पष्ट जानकारी देने के बजाय आदेश अनुसार जैसे सामान्य जवाब देकर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया है। उन्होंने इसे पारदर्शिता से भागने और उपभोक्ताओं के साथ अन्याय बताया। नवैया ने कहा कि यदि सभी कार्य नियमों के अनुसार हो रहे हैं तो प्रमाणित दस्तावेज सार्वजनिक करने में डर कैसा। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को भ्रमित किया जा रहा है और सच्चाई छिपाई जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पूरी और प्रमाणित जानकारी सामने नहीं आई, तो इस मुद्दे को उच्च स्तर तक ले जाकर जन आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह लड़ाई केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हर उस उपभोक्ता की है जो बिजली बिल, फिक्स्ड चार्ज और स्मार्ट मीटर की अस्पष्ट व्यवस्था से परेशान है।

**यदि जनता के साथ धोखा किया गया तो शीघ्र ही आंदोलन किया जाएगा,अनुराग ठाकुर:** इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने भी कहा कि यदि जनता के साथ धोखा किया गया तो शीघ्र ही आंदोलन किया जाएगा।

**स्मार्ट मीटर लगाने का टेंडर सऊदी अरब की कंपनी को दिया गया है श्याम व्यास:** वहीं युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्याम व्यास ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का टेंडर सऊदी अरब की कंपनी को दिया गया है, जबकि उसका कंसलटेंट पाकिस्तानी है, जिससे देश की प्राइवेसी को खतरा हो सकता है। उन्होंने इसे स्मार्ट मीटर नहीं, स्पाई मीटर बताते हुए गंभीर चिंता जताई। कार्यक्रम में पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष उमा नवैया, सेवा दल अध्यक्ष ओमप्रकाश पासु, जिला युवक कांग्रेस महामंत्री नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं देवेंद्र कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### जल मंदिर की स्थापना का उद्देश्य राहगीरों के लिए पीने के लिए ठन्डे मटके का पानी उपलब्ध कराना हैः दिनेश उमरैया

## जल मंदिर का हुआ शुभारम्भ



**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था तरुण संस्कार ग्राम विकास समिति के अंतर्गत नगर विकास प्रस्फुटन समिति वीर सावरकर वार्ड बीना द्वारा वीर सावरकर वार्ड में सीताराम साहू के मकान के सामने जल मंदिर का शुभारम्भ किया गया ।जल मंदिर का उदघाटन जन अभियान परिषद् के संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया द्वारा किया गया ।इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि जल मंदिर की स्थापना का उद्देश्य राहगीरों के लिए पीने के लिए ठन्डे मटके का पानी उपलब्ध कराना है साथ ही समाज को पानी के संरक्षण के लिए जागरूकता उत्पन्न करना है. इस अवसर पर जन अभियान परिषद् की ब्लाक समन्वयक नीरज शर्मा, तरुण संस्कार संस्था से अभिषेक राय, नगर विकास प्रस्फुटन समिति वीर सावरकर वार्ड से अजय साहू, नगर विकास प्रस्फुटन समिति सुभाष वार्ड से किशोर यादव, प्रशांत गोलंदाज, सीताराम साहू, रोहित, मूलचंद ,सुधीर कुशवाहा एवं समाजिक संस्थाओ से देवेंद्र राय, जगदीश कुशवाह नंदराम कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी, स्तुति से गूंज उठा मंदिर प्रांगण

## अभिजीत महूर्त में रघुवीर मन्दिर में हुआ श्रीराम जन्म

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

प्रभु श्री राम के वनवासकाल की तपोभूमि चित्रकूट में रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा स्थापित रघुबीर मन्दिर (बड़ी गुफा) में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मन्दिर में दर्शनार्थियों का तांता लगने लगा। सुबह श्री रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सम्पन्न हुआ एवं 11 बजे से मन्दिर प्रांगण में बधाई गीतों का गायन भक्तिभाव पूर्वक हुआ एवं अबीर गुलाल,पुष्पों की होली खेली गई।

ठीक दोपहर 12 बजे शंख, घण्टे और घड़ियाल ढोल नगाड़ों एवं वेद मंत्रोच्चार के स्वर के बीच मन्दिर के कपाट पुजारी द्वारा खोले गए एवं भगवान श्री राम का जन्म हुआ, नयनाभिराम श्रृंगार में सुसज्ज भगवान युगल सरकार की आरती देखने एवं दर्शन करने हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। सभी ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला की स्तुति की एवं एक दूसरे को राम जन्म की बधाई दी। इसके बाद जन्मोत्सव के निमित्त साधु, अभ्यागत का भंडारा आयोजित किया गया।




भगवान के जन्मोत्सव का पूजन श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विशद मफतलाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती रूपल मफतलाल ने किया।साथ ही नव दिवसीय रामकथा के व्यास वृंदावन धाम मलूक पीठ के पीठाधीश्वर एवं रेवासा पीठ के पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज की गरिमामई उपस्थिति में राम जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया इस मौके पर ट्रस्टी डॉ विष्णु जोबनपुत्रा, ट्रस्टी मनोज पंड्या, महिला शिक्षा समिति की अध्यक्षा श्री मती ऊषा जैन , ट्रस्टी डॉ.इलेश जैन उनकी धर्म पत्नी मौसम जैन के साथ गुरुबहन दमयंती बेन, रमा बेन,मिलोनी बेन, भारती जोबनपुत्रा, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला, अनिल शास्त्री, सुरेन्द्र शास्त्री सहित हजारों की संख्या में भारत भर से आये गुरु भाई बहन, सन्त महन्त,विद्यार्थी एवं सदगुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने सभी को रामजन्मोत्सव की बधाई दी है।

### बजरंग महिला स्व.सहायता समूह बिहटा के फर्जीवाडे को रफा-दफा करने की तैयारी

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

**गेहूं खरीदी केन्द्र देने बड़े लेन-देन की चर्चा?**

नागरिक आपूर्ति निगम सतना विगत कुछ वर्षो में भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में रहा है। दो वर्ष पूर्व कारीगोही में हुए गेहूं घोटाला एक उदाहरण है। गेहूं घोटाले मामले में आज तक दोषियों के उपर कार्यवाही नहीं हुई। पिछले सीजन में धान खरीदी केन्द्रों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ था। लेकिन अब उन्हीं भ्रष्टाचारियों को एक बार फिर से खरीदी केन्द्र का जिम्मा देने की तैयारी चल रही है। कलेक्ट्रेट के गलियारे में बजरंग महिला स्व सहायता समूह की चर्चा जोरो पर है। सूत्रों के माध्यम से जानकारी सामने आ रही है कि खरीदी केन्द्र देने के नाम पर बड़ा लेन देन चल रहा है। लगातार भ्रष्ट अधिकारी ईमानदार कलेक्टर की छबि को धूमिल कर रहे हैं। गौर तलब है कि पिछले धान सीजने में निरीक्षण के दौरान वास्तविक खरीदी से 22 हजार क्विंटल धान ज्यादा पाई गई थी। जबकि 4467 बोरी धान अमानक मिली थी। लेकिन कार्यवाही के नाम पर नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा लीपापोती की जा रही है।

# आवारा कुत्तों ने रेलवे स्टेशन के पास हिरण को किया घायल

## एक घंटे के रेस्क्यू के बाद वन विभाग को सौंपा, इलाज जारी

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

आवारा कुत्तों ने रेलवे स्टेशन के पास हिरण को किया घायलः एक घंटे के रेस्क्यू के बाद वन विभाग को सौंपा, इलाज जारी।मिली जानकारी अनुसार आवारा कुत्ता ने रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय के पास कुत्तों के हमले में गुरुवार को सुबह 7:30 बजे एक हिरण घायल हो गया। सूचना मिलने पर आरपीएफ, वन विभाग और गौ सेवा दल के सदस्य मौके पर पहुंचे। एक घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद घायल हिरण को पकड़कर इलाज के बाद वन विभाग को सौंप दिया गया।

**डायल 112 को सूचित किया:** मिली जानकारी के अनुसार, बीना जंक्शन के पार्सल कार्यालय के पास एक घायल हिरण घूम रहा था। आरपीएफ के एसआई अशोक



यादव और आरक्षक पंकज ने हिरण की हालत देखी और तत्काल वन विभाग, गौ सेवा दल और डायल 112 को सूचित किया।

**एक घंटे तक चला रेस्क्यू:** करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद हिरण को सुरक्षित पकड़ा जा सका। इसके बाद गौ सेवा दल के सदस्यों ने मौके पर ही हिरण का प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद उसे वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। स्थानीय लोग इस बात को लेकर कयास लगा रहे हैं कि आखिर हिरण रेलवे स्टेशन के पास आबादी वाले क्षेत्र में कैसे पहुंचा। हिरण को पकड़ने में गौ सेवा दल के सदस्य राजेंद्र यादव, अनुराग जैन, अमर ठाकुर, ओम नारायण ठाकुर, डिप्टी रेंजर सुनील कुमार, वनरक्षक जलोत गोस्वामी, संग्राम सिंह यादव, डायल 112 से आरक्षक विक्रम प्रताप और पायलट इमरत सेन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# हेमू कालानी पार्क में ओपन योग केंद्र का लोकार्पण



**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

सिन्धी कॉलोनी स्थित अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क परिसर में सामुदायिक भवन का जीणोद्धार एवं ओपन योग केंद्र वं पेवर ब्लॉक निर्माणकार्य का लोकार्पण 23 मार्च अमर शहीद हेमू कालानी जी के जन्म दिवस पर महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी स्पीकर श्री राजेश चतुर्वेदी जी श्री गोपी गेलानी 6अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग8 एवं समाजसेवी श्री चंद्रलाल मोटवानी श्री संजय तीर्थवानी श्री अनिल आसरानी एवं विजय राधेलाल खटवानी जी की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। महापौर जी ने कहा निश्चित रूप से सामुदायिक भवन में अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे योगा केंद्र लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

इस अवसर पर श्री मनोहर वाधवानी मनोहर डिगवानी मनोहर आरतानी ज्ञान खटवानी ढोला सोनी किशनरचंद छुट्टानी केशव मखीजा शंकर लाल माखीजा विजय जग्यासी अशोक आहूजा दिलीप सोनी संजय वाधवानी घनश्याम मंघरानी अशोक चांदवानी कमल पुरुस्वानी गंगाराम सचदेव रंजीत सेनानी कालू पुरुस्वानी संजय आहूजा इंद्र लाल कापड़ी सहित अनेक समाजसेवीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया को भाजपा नेता संजय सिंह ने स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**



केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से संचार भवन में मुलाकात करते हुए भाजपा नेता संजय सिंह एडवोकेट ने स्थानीय समस्याओं से अवगत कराते हुए लिखित ज्ञापन देकर उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। संजय सिंह ने बताया कि बीना रिफाइनरी में स्थानीय लोगों को रोजगार देने में कंपनियां आनाकानी कर रही है और स्थानीय लोगों को परेशान कर रही है। किसानों को खेत तक जाने के लिए रास्ते बंद करके परेशान कर रही है। और स्थानीय निवासियों से दुर्व्यवहार भी कर रही हैं। स्थानीय लोगों को रोजगार देने के साथ ही उनकी क्षमता के अनुसार उन्हें अन्य कार्य दिलाने के लिए मांग की इसके साथ ही बीना विधानसभा क्षेत्र की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बीएसएनएल के नेटवर्क में सुधार की मांग की तथा निर्धारित क्षमता के नए टावर लगाने की मांग की । इसके साथ ही बीना के पोस्ट ऑफिस में हुए बहुचर्चित गवन के संदर्भ में अवगत कराते हुए मांग की उपभोक्ताओं के पैसा की वापसी की जाए। उपरोक्त समस्याओं से अवगत कराते हुए लिखित में ज्ञापन दिया। जिस पर माननीय मंत्री जी ने हल कराने का आश्वासन दिया।

### जल ही जीवन है और बिना जल के सुरक्षित भविष्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती, प्राचार्य रश्मि जैन

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के परिपालन में, शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने कहा कि, जल ही जीवन है और बिना जल के सुरक्षित भविष्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छात्राओं की यह जिम्मेदारी है कि वे न केवल स्वयं जागरूक हों, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें।

#### हमें ब्रश करते या बर्तन धोते समय नल लगातार खुला नहीं छोड़ना चाहिए मिश्रा

वहीं, कार्यक्रम प्रभारी सुश्री मृणालिनी मिश्रा ने छात्राओं को जल बचाने के व्यावहारिक और आसान तरीके समझाते हुए कहा कि, दैनिक जीवन की आदतों में छोटे-छोटे बदलाव करके हम हजारों लीटर पानी बचा सकते हैं। हमें ब्रश करते या बर्तन धोते समय नल लगातार खुला नहीं छोड़ना चाहिए, वर्षा जल संचयन



(रेनवाटर हार्वेस्टिंग) को अपनाना चाहिए और आरओ (RO) मशीन से निकलने वाले व्यर्थ पानी का उपयोग पौधों की सिंचाई या घर की साफ-सफाई में करना चाहिए।

#### प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

जनसहभागिता से जल संरक्षण और संवर्धन के महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रित इस आयोजन में छात्राओं के लिए विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद घोषित किए गए परिणामों के अनुसार, निबंध लेखन में अपने उत्कृष्ट विचारों के साथ निकिता अहिरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जबकि राधिका घोषी ने द्वितीय और रमा ओझा ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए पोस्टर प्रतियोगिता में डॉली चौरसिया ने बाजी मारते हुए पहला स्थान पाया, पार्वती कुर्मी दूसरे और वेदिका पाठक तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त, स्लोगन प्रतियोगिता में शब्दों के प्रभावशाली चयन के साथ रेनुका अहिरवार प्रथम,सोनम राय द्वितीय तथा दीक्षा तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं।इस संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की सक्रिय सहभागिता अत्यंत सराहनीय रही, जिसके चलते पूरे परिसर में पर्यावरण प्रेम और जागरूकता का एक सकारात्मक माहौल बना। शासकीय कन्या महाविद्यालय प्रशासन की ओर से यह संदेश दिया गया कि संस्था पर्यावरण संरक्षण और छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी सामाजिक सरोकार और जागरूकता से जुड़े ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि छात्राएं एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक की भूमिका निभा सकें।कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा गया।

# विधायक संजय पाठक के प्रयास रंग लाएः कैमोर आईटीआई के लिए 15 करोड़ से भवन, हॉस्टल व क्वार्टर निर्माण स्वीकृत

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**



विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को रोजगारपरक कौशल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। विधायक संजय पाठक के सतत प्रयासों के चलते कैमोर नगर में संचालित आईटीआई के लिए भवन, छात्रावास एवं स्टाफ क्वार्टर निर्माण हेतु 15 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। गौरतलब है कि लगभग दो वर्ष पूर्व क्षेत्र के तीसरे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की शुरुआत की गई थी, जो वर्तमान में खलवारा बाजार स्थित एक निजी भवन में संचालित हो रहा है।

स्थायी भवन की आवश्यकता को देखते हुए विधायक संजय पाठक ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर नए भवन एवं छात्रावास निर्माण के लिए बजट स्वीकृति का आग्रह किया था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। औद्योगिक युग में कुशल श्रमिकों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए इस आईटीआई को स्थापित किया गया था। अब नए भवन, छात्रावास एवं क्वार्टर निर्माण से यहां आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। स्वीकृत परियोजना के तहत 6 विभिन्न ट्रेड्स में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। छात्रावास निर्माण से विशेष रूप से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को लाभ मिलेगा। उन्हें रहने की सुविधा मिलने से उनकी पढ़ाई में निरंतरता आएगी और आर्थिक बोझ भी कम होगा। साथ ही शिक्षकों एवं स्टाफ के लिए क्वार्टर निर्माण से संस्थान के संचालन में भी सुविधा होगी। राशि स्वीकृत होने पर विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जब भी मांग रखी गई, उसे प्राथमिकता के साथ स्वीकृति मिली है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस परियोजना से क्षेत्र के युवाओं को बेहतर कौशल प्रशिक्षण मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# साधूराम स्कूल में तीन दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का शुभारंभ 28 मार्च को

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों को प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दरों पर पाठ्य पुस्तकें कॉपियां और गणवेश उपलब्ध करवाने के लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी की पहल पर कटनी शहर के सुभाष चौक के समीप स्थित साधूराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का शुभारंभ शनिवार 28 मार्च को होगा।

यह तीन दिवसीय मेला प्रतिदिन प्रात 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। पुस्तक मेला में सभी निजी स्कूलों की किताबें उपलब्ध रहेंगी। पुस्तकों एवं कापियों के विक्रय के लिए पुस्तक विक्रेताओं एवं प्रकाशकों द्वारा करीब 40 से 50 स्टॉल लगाये जा रहे हैं। पुस्तक मेला में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी होगा। इसके अलावा मेला स्थल पर व्यंजनों के स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं तथा बच्चों के मनोरंजन के साधन भी मेला स्थल पर उपलब्ध रहेंगे। पुस्तक




मेला में कैरियर काउंसलिंग भी की जायेगी। बच्चों एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जायेगा। कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर पुस्तक एवं गणवेश मेला में बुक बैंक का स्टॉल लगाया जा रहा है और पुरानी पाठ्य पुस्तकों के संग्रहण एवं वितरण की व्यवस्था की गई है। जरूरतमंद छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें प्रदान की जायेंगी। पुस्तक एवं गणवेश मेला के आयोजन की प्रभारी अधिकारी जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर होंगी। जबकि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी और जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी सहित अन्य अधिकारियों को सहयोगी अधिकारियों का दायित्व सौंपा गया है। ये सभी अधिकारी मेला स्थल की संपूर्ण व्यवस्था, स्टॉल बुकिंग, स्टॉल आबंटन, टेंट पंडाल व्यवस्था , सांस्कृतिक कार्यक्रम स्टॉल के दुकानदारों से समन्वय और पुरानी पुस्तकें प्राप्त कर बुक बैंक के स्टाल की व्यवस्था संबंधी जिम्मेदारी एवं छात्र-छात्राओं के कैरियर काउंसलिंग का दायित्व संभालेंगे। इसके अलावा एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को मेला स्थल पर कानून व्यवस्था बनाये रखने और नगर निगम से साफ -सफाई का दायित्व सौंपा गया है। इनके सहयोग के लिए उपायुक्त नगर निगम शैलेष गुप्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री तिवारी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेला स्थल में दुकानों को सुरक्षा की जिममेदारी और सुचारू यातायात का दायित्व सौंपा है।

### नागरिकों को लोक अदालत की भांति छूट का लाभ प्रदान करने अवकाश दिवस में शिविर निरंतर जारी




**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

शासन द्वारा लोक अदालत की तर्ज पर निगम के बकाया करों में नियमानुसार दी जा रही छूट को आगामी 31 मार्च तक बढा दिये जानें तथा नगर के अधिक से नागरिकों को इस छूट का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा अवकाश के दिनों में भी पांच स्थलों में लोक अदालत शिविर काउंटर का संचालन किया जा रहा है। इस संबंध में राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नागरिकगण आगामी 31 मार्च तक अवकाश के दिनों भी काउंटर स्थल नगर निगम कार्यालय, बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधव नगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित होकर बकाया संपत्तिकर एवं जलकर का भुगतान कर अधिभार में मिलने वाली छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है।